प्रभात खबर

# दुकान से 220 बोरा नकली खाद बरामद




कदवा. प्रखंड क्षेत्र के गोपीनगर पंचायत के नन्दनपुर में खाद व बीज के विक्रेता अवधेश विश्वास द्वारा नकली मक्के की बीज की पैकिंग कर बिक्री की सूचना पर हुई छापेमारी के दौरान घटना स्थल से नकली बीज पैकिंग के साथ पैकिंग मशीन, कैची तथा पैकिंग की अन्य सामग्री भी बरामद की गयी है. बताते चलें कि पिछले दिनों अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कदवा पुलिस द्वारा इस गोदाम को सील किया गया था. सील करने के बाद उक्त सील किये गये गोदाम का सोमवार को अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने जांच की. जांच के दौरान गोदाम से भारी मात्रा में मक्के के बीज का खाली पैकेट बरामद किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, उस गोदाम में असली बीज के पैकेट में नकली बीज को भरकर उसे मशीन द्वारा पैकिंग कर बाजार में ऊंचे दामों में बिक्री की जाती थी. 220 बोरी खाद भी बरामद किया गया. अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जब्ती सूची बनाते हुए पुनः गोदाम को सील कर दिया गया. इस मामले में खाद बीज की कालाबाजारी कर रहे अवधेश विश्वास पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. इस बावत जदयू जिला सचिव अंजार आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह भर्री पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश भगत ने कहा कि ये क्षेत्र के किसानों के साथ धोखाधड़ी किया जा रहा है. जिससे किसानों में नकली बीज को लेकर भय के माहौल व्याप्त है. ऐसे कालाबाजारी कर रहे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है. क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा मक्के की खेती किया जाता है. नकली बीज की वजह से मेहनत करने के बाद भी उत्पादन कम होने से किसान परेशान हैं. कालाबाजारी कर रहे धंधेबाजों की चांदी कटती है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/katihar/220-bags-of-fake-fertilizer-recovered-from-the-shop